विदेशी विजिटर्स (आगंतुकों) और विद्यार्थियों के लिए फीस और शुल्क

ऑस्ट्रेलिया में, विदेशी विजिटर्स और विद्यार्थियों को अपनी देखभाल की लागत का भुगतान करने की आवश्यकता होती है। Royal Perth Hospital, Armadale Hospital, Bentley Hospital या Kalamunda Hospital पर उपचार और/या सर्जरी के लिए आने वाले प्रत्येक ऐसे विदेशी विजिटर या विद्यार्थी के लिए निम्नलिखित फीस और शुल्क लागू होते हैं जिनके पास वैध Medicare कार्ड नहीं है और जो गैर-ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट धारक हैं।

अस्पताल की सेवा	फीस
एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट पर आना	$346* - $2,050 से *न्यूनतम भुगतान/डिपॉजिट की ज़रूरत होती है
इनपेशेंट – उसी दिन	$2,769
इनपेशेंट – रात भर	$2,976
रेडियोलॉजी	आउटपेशेंट और एमर्जेंसी- $323 से इनपेशेंट – अलग-अलग फीस
पैथोलॉजी	आउटपेशेंट और एमर्जेंसी – अलग-अलग फीस इनपेशेंट – अलग-अलग फीस
कृत्रिम अंग	अलग-अलग फीस
आउटपेशेंट/टेलीफोन सलाह	$323
फॉर्मास्यूटिक्लस (दवाईयाँ)	विदेशी अपात्र रोगियों के लिए दवाईयों पर कोई छूट नहीं है और इसे उसी दिन, डिसचार्च के समय और आउटपेशेंट के तौर पर दी गई दवाईयों की कीमत (साथ ही वितरण तथा हैंडलिंग शुल्क) के हिसाब से चार्ज किया जाता है। इनपेशेंट उच्च कीमत वाली दवाईयों के लिए शुल्क लागू हो सकते हैं। RHCA रोगियों से गैर- PBS दवाईयों की कीमत का शुल्क लिया जाता है और उसी दिन, डिसचार्ज तथा आउटपेशेंट के समय दी गई PBS दवाईयों के लिए अधिकतम $41 (साथ ही वितरण तथा हैंडलिंग शुल्क) तक शुल्क लिया जाता है।
क्लिनिशयन फीस, मेडिकल और सर्जिकल इलाज	मेडिकल प्रेक्टिशनर चिकित्सीय सेवाओं की ऑस्ट्रेलियाई चिकित्सीय संस्था की सूची में लागू आइटम पर 100 प्रतिशत शुल्क चार्ज करते हैं

विदेशी विजिटर्स और विद्यार्थियों के लिए यह आवश्यक है कि वे पासपोर्ट, बीमा के विवरण और वैध क्रेडिट कार्ड दें। कृपया ध्यान दें कि यदि आपको एक इनपेशेंट के तौर पर भर्ती किया जाता है, तो हो सकता है कि अस्पताल आपकी देखभाल की लागत के लिए डिपॉजिट भुगतान चार्ज करे।

कृपया ध्यान दें कि जिन विदेशी विजिटर्स के पास इंश्योरेंस (बीमा) है उन्हें भी अपनी जेब से खर्चा करना पड़ सकता है क्योंकि हो सकता है कि आपकी इंश्योरेंस अस्पताल की आपकी पूरी फीस को कवर न करे। अपने बीमाकर्ता के साथ इसकी जांच करना आपकी जिम्मेदारी है।

इनपेशेंट संबंधी पूछताछ के लिए, कृपया Overseas Patient Liaison Officer अधिकारी से संपर्क करें; ई-मेल rph.oplo@health.wa.gov.au, , फोन (08) 9224 3594 या मोबाइल 0404 894 083.

एमर्जेंसी विभाग संबंधी पूछताछ के लिए, कृपया ED Patient Liaison अधिकारी से संपर्क करें; ई-मेल rph.edplo@health.wa.gov.au, फोन (08) 9224 7030 या मोबाइल 0404 894 045.

अन्य सभी बिलिंग, इनवॉइस और भुगतान संबंधी पूछताछ के लिए, कृपया सीधे EMHS Accounts Receivable से संपर्क करें। ई-मेल EMHS.AR.General@health.wa.gov.au, फोन: 1300 715 588 या डाक पता: PO Box 8529, Perth WA 6849।

पारस्परिक स्वास्थ्य देखभाल समझौता (Reciprocal Health Care Agreement - RHCA)

RHCA निम्नलिखित देशों से ऑस्ट्रेलिया आने वाले विजिटर्स के लिए अत्यावश्यक चिकित्सीय उपचार की लागत कवर करता है: युनाइटिड किंग्डम (नॉर्दर्न आयरलैंड सहित), आयरलैंड गणराज्य, न्यू ज़ीलैंड, नीदरलैंड, बैल्जियम, फिनलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवेनिया। ईटली और

माल्टा से सम्बन्धित रोगी ऑस्ट्रेलिया आने के केवल पहले छ: महीनों दौरान ही कवर होते हैं। रोगियों को बिल भेजा जाएगा जब तक कि हमें उनके पासपोर्ट की कॉपी नहीं मिल जाती है और उनकी RHCA पात्रता की पुष्टि नहीं हो जाती है।

सूचित किए जाने वाले संक्रामक रोग

कुछ निश्चित सूचित किए जाने वाले संक्रामक रोगों के लिए इलाज बिना कोई शुल्क लिए दिया जाता है। किसी ऐसे संक्रामक पैथोलोजी/रोग के इलाज के लिए शुल्क लिया जाता है जिसे सूचित किए जाने की ज़रुरत न हो।

WA में स्वास्थ्य-देखभाल के अन्य विकल्प

यदि आपको गैर-तात्कालिक देखभाल के लिए अधिक किफायती विकल्पों की ज़रूरत है तो कृपया किसी GP क्लिनिक से संपर्क करें। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की Healthdirect वेबसाइट www.healthdirect.gov.au/ आपके सबसे करीबी GP के विवरण प्रदान करती है या वैकल्पिक तौर पर आप Healthdirect को 1800 022 222 पर फोन कर सकते/सकती हैं। यदि आपको पक्का पता नहीं है कि क्या आपकी स्थिति गंभीर है या नहीं, तो कृपया किसी डॉक्टर द्वारा जांच किए जाने के लिए एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट में रूके रहें।

विदेशी रोगी – आम पूछे जाने वाले सवाल

मैं विदेश से आ रहा/रही हूँ, क्या मुझे अपनी देखभाल का भुगतान करना होगा?

ऑस्ट्रेलिया आने वाले विदेशी विजिटर्स को अस्पताल में अपने इलाज के खर्च का भुगतान करने की ज़रूरत होती है। इसमें अपवाद केवल उसी परिस्थिति में होता है जब:

- आप किसी ऐसे देश से हैं जिसका ऑस्ट्रेलिया के साथ पारस्परिक स्वास्थ्य देखभाल समझौता है (नीचे दिया सवाल देखें)।
- आपके पास इंश्योरेंस (बीमा) है जो आपकी देखभाल के पूरे खर्च को कवर करेगा।
- आपको कॉमनवेल्थ मिनिस्टर ऑफ हेल्थ ने Medicare के लिए पात्र घोषित किया है।

मुझसे कितना शुल्क लिया जाएगा?

फीस और शुल्क से संबंधित सूचना इस पुस्तिका के पिछली ओर दी गई है।

मुझे पक्का पता नहीं है कि क्या मैं अपने इलाज का भार उठा सकता/सकती हूँ या नहीं, मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपको तात्कालिक या आपातिक देखभाल की ज़रूरत है तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप किसी क्लिनिशियन द्वारा आकलन किए जाने के लिए अस्पताल में रूके रहें। हम समझते हैं कि उपचार संबंधी खर्च महंगे हो सकते हैं; Overseas Patient Liaison अधिकारी आपके साथ भुगतान विकल्पों की चर्चा करने के लिए उपलब्ध है। यदि आपकी देखभाल गैर-तात्कालिक है और गंभीर नहीं है तो वैकल्पिक सस्ते स्वास्थ्य देखभाल के विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की Healthdirect वेबसाइट www.healthdirect.gov.au/ आपके सबसे करीबी GP के विवरण प्रदान करती है या वैकल्पिक तौर पर आप Healthdirect को 1800 022 222 पर फोन कर सकते/सकती हैं।

मेरे उपचार का कितना खर्च मेरी इंश्योरेंस द्वारा कवर किया जाएगा?

हो सकता है कि कुछ बीमाकर्ता आपके उपचार के पूरे खर्च को कवर न करें। यह पता लगाने के लिए कि क्या आपको अपनी जेब से खर्च करना होगा, अपने बीमाकर्ता से जांच करें।

मुझे अपने बिल कब मिलेंगे?

हम कोशिश करेंगे कि बिल आपको जल्दी से जल्दी भेजें। जब आपको अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाता है तो हम आंशिक भुगतान ले सकते हैं; परन्तु, हो सकता है कि यह आपके उपचार की पूरी लागत को कवर न करें और आपको आपगे और बिल मिलें।

मैं अपनी देखभाल के लिए भुगतान कैसे कर सकता/सकती हूँ?

हमारे Patient Liaison अधिकारी आपके एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट आने या अस्पताल में आपके ठहरने के दौरान आपसे नकद, चेक या EFTPOS के द्वारा भुगतान ले सकते हैं। वैकल्पिक तौर पर, भुगतान संबंधी विकल्प आपको अपना बिल मिलने पर दर्शाए जाएँगे।

क्या मुझे बहुत सा पेपरवर्क भरना होगा?

जब आप अस्पताल में होंगे तो आपको बहुत कम पेपरवर्क भरने की ज़रूरत होगी।

अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद आपको कुछ इनवॉइस मिल सकती हैं जिन्हें आपको अपनी बीमाकर्ता को भेजने या खुद से इनका भुगतान करने की ज़रूरत पड़ सकती है। आपको मिली किसी भी इनवॉइस में ऐसे संपर्कों के फोन नम्बर शामिल हो सकते हैं जिनकी ज़रूरत आपको इंश्योरेंस क्लेम के लिए अपना पेपरवर्क भरने में सहायता के लिए पड़ सकती है।

Government of **Western Australia**
East Metropolitan Health Service

संस्करण 5(RPBG) – जुलाई 2020, EMHS Revenue Department